पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ

अध्यक्ष छात्र कल्याण

बिहार-854301

Email ID :- dsw@purneau.ac.in

पत्रांक :– **PUP (DSW- 09/26)- DSW-40 /26** **Date:- 25.05.2026**

सेवा में,

सभी प्रधानाचार्यगण
अंगीभूत/संबद्ध महाविद्यालय
पूर्णियां विश्वविद्यालय, पूर्णियां

विषय: U.G. सत्र 2026-2030 में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए HELP DESK काउंटर की स्थापना के संबंध में।

सन्दर्भ: विश्वविद्यालय अधिसूचना PUP (DSW – 09/26) – DSW- 39 /26, दिनांक 25.05.2026

महोदय/महोदया,

सूचित किया जाता है कि पूर्णियां विश्वविद्यालय, पूर्णियां ने **U.G.** सत्र **2026-2030** में नामांकन हेतु समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया दिनांक **26.05.2026** से प्रारंभ की जा रही है। छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने में किसी प्रकार की असुविधा न हो यह सुनिश्चित करने हेतु आप अपने महाविद्यालय में अविलंब एक विशेष **HELP DESK** काउंटर की स्थापना करेंगे। यह व्यवस्था नामांकन अवधि के दौरान नियमित रूप से संचालित रहे, ताकि अधिकाधिक छात्र-छात्राएँ इसका लाभ प्राप्त कर सकें।

उक्त HELP DESK काउंटर में निम्नलिखित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए—

1. ऑनलाइन आवेदन हेतु कंप्यूटर एवं इंटरनेट की समुचित व्यवस्था।
2. छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन नामांकन फॉर्म भरने की सुविधा।
3. नामांकन प्रक्रिया से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन निःशुल्क उपलब्ध कराना।

साथ ही यह निर्देश दिया जाता है कि गत वर्ष की भांति नामांकन प्रकिया को पारदर्शी बनाने हेतु **शैक्षणिक आलेख सत्यापन प्रकोष्ठ** (Admission and Academic Documents Verification Cell) का गठन अनिवार्य रूप से करें। संबंधित महाविद्यालय के प्रधानाचार्य इस प्रकोष्ठ के अध्यक्ष होंगे। एक शिक्षक को नामांकन नोडल अधिकारी नियुक्त करना होगा। प्रकोष्ठ के सदस्य नियुक्त नोडल अधिकारी के अतिरिक्त महाविद्यालय के समर्थ पदाधिकारी, अन्य कुछ शिक्षक, तकनिकी सहायता हेतु कम्पुटर कर्मी तथा अन्य कार्य में सहायता हेतु 2-3 सहायक होंगे।

पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ

अध्यक्ष छात्र कल्याण

बिहार-854301

Email ID :- dsw@purneau.ac.in

महाविद्यालय में नामांकन एवं शैक्षणिक आलेख सत्यापन प्रकोष्ठ के गठन की सूचना सभी सदस्यों के नाम एवं मोबाइल नंबर सहित दिनांक 30.05.2026 तक सहायक कुलसचिव शैक्षणिक कार्यालय को Excel Sheet के माध्यम से E:Mail aracad@purneau.ac.in पर भेजा जाए। प्रकोष्ठ गठन की प्रधानाचार्य द्वारा हस्ताक्षरित प्रतिछात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय में दिनांक 02.06. 2026 तक समर्पित करेंगे।

महाविद्यालय में संपूर्ण नामांकन प्रक्रिया **नामांकन एवं शैक्षणिक आलेख सत्यापन प्रकोष्ठ** के अधीन रहेगी। नामांकन में किसी भी प्रकार की अनियमितता तथा नामांकित छात्रों की वैधता की की जवाबदेही प्रकोष्ठ की होगी।

महाविद्यालय में नामांकन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों की सुविधा हेतु नामांकन एवं शैक्षणिक आलेख सत्यापन प्रकोष्ठ के सदस्यों की सूचि महाविद्यालय के सूचना पट पर अवश्य रूप से लगा दें। ताकि आवश्यकता होने पर विद्यार्थी सहायता प्राप्त कर सकें। अतः आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

माननीय कुलपति के आदेशानुसार

25.05.26

अध्यक्ष छात्र कल्याण

ज्ञापांक:- PUP (DSW- 09/26)- DSW- 40 /26 **Date:- 25.05.2026**

प्रतिलिपि:-

1. वित्त पदाधिकारी, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
2. उप कुलसचिव (शैक्षणिक), पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
3. समर्थ नोडल पदाधिकारी, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
4. IT Cell, विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड हेतू।
5. कुलपति /कुलसचिव के निजी सहायक, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
6. गार्ड फाईल।

25.05.26

अध्यक्ष छात्र कल्याण